संक्षिप्त

दिव्यांगों की सुविधाओं का निरीक्षण

कोटा, (निसं)। आयुक्त, विशेष योग्यजन उमाशंकर शर्मा ने कोटा प्रवास के दौरान कोटा जंक्शन, संजय नगर सार्वजनिक बस डिपो, कोटा चम्बल रिवर फ्रन्ट, सिनेमा हॉल एवं विभिन्न महाविद्यालयों का निरीक्षण कर दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। आयुक्त, विशेष योग्यजन ने कोटा जंक्शन पर निरीक्षण के दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कोटा रेल्वे स्टेशन पर दिव्यांगजनों के लिए आधारभूत सुविधाओं की कमी देखकर अधिकारियों को दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं में सुधार के निर्देश दिए। साथ ही, अन्य स्थानों पर निरीक्षण के दौरान कमियाँ पाए जाने पर सुगम्य भारत अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं में सुधार के निर्देश दिए।

भागवत ज्ञान की बही गंगा

रामगंजमण्डी,(निसं)।शहर में आनन्द विहार विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में दूसरे दिन के कथा के मुख्य दृष्टांत मनु शत्रु पा,कपिल अवतरण, महा सति अनुसूया के सतीत्व की कथा, दक्ष राज प्रजापति का अहंकार मर्दन , शिव उमा विवाह व बारात रहे।साथ ही कथा वाचक पं.सुरेश बिहारी नागर ने कहा कि ''धर्मो रक्षित रक्षित:''धर्म की रक्षा के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जैसे भी हो, जब भी हो,जिस प्रकार भी हो अपने धर्म व संस्कृति की रक्षा करना चाहिए।धर्म की रक्षा करना उसका नैतिक कर्तव्य है।राजा दक्ष ने उच्च पद प्राप्त कर भगवान शिव का अपमान किया।जिससे शिव के गणों ने उसके यज्ञ को तहस नहस कर दिया।अत: व्यक्ति को उच्च पद प्राप्त कर अंहकार नहीं करना चाहिए।अंहकार से उसका सर्वनाश निश्चित ही है।कथा का दूसरे दिन आस पास के गांवों से भी श्रृद्धालु उमड़े।

पुरुष क्रिकेट का आयोजन

कोटा, (निसं)। भारतीय विश्वविद्यालय संघ एवं युवा मामलों व खेल प्रकोष्ठ द्वारा जारी पत्र के अनुसार सत्र 2024-25 अन्तर्गत पश्चिम क्षेत्रीय अन्तर विश्वविद्यालय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का कोटा स्थित जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के चेअरपर्सन आर.डी. मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं, किकेट स्टेडियम की उपलब्धता के चलते जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय की स्थापना के दूसरे सत्र में ही राष्ट्रीय स्तर की पश्चिम क्षेत्रीय अन्तर विश्वविद्यालय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगित्ता के आयोजन का अवसर मिलना विश्वविद्यालय व क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं के लिए गौरव का विषय है

श्मशान से अस्थियां हुई चोरी

कोटा, (निसं)। शहर के नांता थाना इलाके करणी नगर में डिस्पेंसरी के पास शमशान घाट से अस्थि चोरी का मामला सामने आया है। परिवार के सदस्य तीये की रस्म के लिए अस्थियों को एकत्रित करने शमशान गए थे तब अस्थियां गायब मिली। शमशान के अंदर किसी अज्ञात व्यक्ति ने जादू-टोना किया हुआ था। परिजनों ने इसकी सूचना थाने में दी। मृतक के बड़े भाई महावीर सैनी ने बताया कि छोटा भाई अनिल पिछले कई दिनों से बीमार चल रहा था। 25 दिसंबर को भाई अनिल (21) की मौत हुई थी। 25 दिसबंर को उसका अंतिम संस्कार किया। तीसरे दिन परिवार के सदस्य शमशान घाट अस्थियां एकत्रित करने पहुंचे तो जादू-टोना होना मिला था। अस्थियों से भी छेड़छाड़ की थी। उसके सिर की कपाल गायब थी। शमशान में किसी प्रकार की क्रिया की हुई थी। यहां तीन जगह गड्ढे खोदे हुए थे। एक में शराब का क्वार्टर, दूसरे में नारियल, तीसरे गड्ढे में काली हांडी के अंदर मिठाई, मांस के टुकड़े, नींबू, सुई पड़ी हुई थी।

भामशाह ने एसडीपी डोनेटा की

कोटा, (निसं)। टीम जीवनदाता का सेवा भाव सर्दी और बरसात में भी कम नहीं होता और जुनून के साथ कार्य को गति दी जा रही है। संयोगवश सतीश शर्मा को कॉल किया और वो फौरन तैयार हो गएें। उन्होंने कहा कि सेवा के लिए कोई भी स्थिति-परिस्थिति हो उसके लिए वह तैयार रहते हैं। वह बरसती बारिश में सीधा अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने 7वीं बार एसडीपी डोनेट की। वह इससे पूर्व 14 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं।

हमारा शरीर स्वस्थ है तो दिमाग स्वस्थ रहता है : जायसवाल

कोटा कलेक्टर ने कैम्पस में कोचिंग स्टूडेंट्स को संबोधित किया।

कोटा, (निसं)। स्व.सेठ प्रभुलाल -कल्याणी बाई जायसवाल की स्मृति में राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाईड स्थानीय संघ कोटा दक्षिण एवं जायसवाल परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेवा पखवाड़े के तहत् शुक्रवार को 'नशा मुक्त हो भारत अपना' विषय पर जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान गाईड्स हाथों में 'नशामुक्त युवा सशक्त भारत' का संदेश देती तख्तियां लेकर चल रहे थे। गाईड्स ने मद्य निषेध हितकारी है बिटिया की बात प्यारी है.., अपनी बिटिया करें पुकार, पापा मदिरा हैं बेकार.., शराब छोड़ा मिली खुशी, मुन्ना मुन्नी दोनों खुशी.. सहित अन्य नारे लगाकर लोगों को नशामुक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रकाश जायसवाल ने कहा कि हमारा शरीर स्वस्थ है तो दिमाग स्वस्थ रहता है। नशे से दूर रहें, नशा नाश का दूसरा नाम है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश के विकास में बड़ी भूमिका अदा करती है।

अगर युवा ही नशे की गर्त में चले जाएंगे तो देश की तरक्की में बाधा बन जाएंगे। नशा मुक्त भारत अभियान में हर व्यक्ति को योगदान देते हुए सरकार का सहयोग करना चाहिए। प्रकाश जायसवाल ने कहा कि नशे से युवा पीढ़ी बर्बाद और समाज खोखला हो रहा है। हमें नशा मुक्त समाज बनाने के लिए जन-जन को जागरूक करना होगा। स्काउट गाईड जिला प्रधान प्रकाश जायसवाल ने बताया कि सेवा पखवाड़ा 5 जनवरी तक आयोजित होगा। रैली में मीनाक्षी महावर, धरणी कुमारी, डिंपल महावर, अनामिका वर्मा, नव्या सेन, गायत्री यादव समेत बड़ी संख्या में स्काउट गाईड व कब बुलबुल मौजूद थे।

अंतर्राष्ट्रीय युवा सम्मेलन आयेजित

बूंदी। बूंदी के युवाओं ने विश्व युवा केंद्र एवं प्रोजेक्ट पॉइंट के तत्वावधान में आयेजित अंतर्राष्ट्रीय युवा सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मंच पर हाड़ौती के पर्यटन विकास के विभिन्न पहलुओ पर चर्चा की। ओडिशा के सम्बलपुर में आयेजित इस आयोजन में भारत के 8 पड़ोसी देशों एवं 22 राज्यों के चयनित युवा प्रतिभागियों ने सहभागिता की।'इंटरनेशनल यूथ-समिट' में युवा प्रतिनिधि भूपेन्द्र योगी ने राजस्थानी भाषा में 'खम्मा घणी सा' के उद्घोष के साथ राजस्थान में पर्यटन विकास की संभावनाएँ विषय पर वक्तव्य प्रस्तुत किया, साथ ही इस दिशा में बूंदी महोत्सव को सार्थक प्रयास बताते हुए संभागियों को महोत्सव के तहत आयोजित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेकर राजस्थान दल की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यहाँ की सभ्यता व रीति-रिवाजों के संदर्भ में युवाओं को जानकारी दी। यूथ-कॉन्क्लेव के समापन समारोह में बूंदी के युवा प्रतिभागियों एवं राजस्थान दल को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन

- ''स्वास्थ्य शिविरों में 3937 व्यक्तियों को मिली सेवाऐं''
- चिकित्सा विभाग द्वारा 6 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उन्हेल, घाटोली, गरनावद, दुधालिया, डोण्डा व पनवाड़ में शिविरों का आयोजन

झालावाड़ । चिकित्सा, स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग द्वारा गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करना करने के उद्देश्य से जिला सहित प्रदेशभर में सरकार की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर 15 दिसंबर 24 से 31 जनवरी 2025 तक तीन चरणों में आयोजित किये जा रहे है। इस क्रम में जिले में प्रथम चरण में आज चिकित्सा विभाग द्वारा 6 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उन्हेल, घाटोली, गरनावद, दुधालिया, डोण्डा व पनवाड़ में शिविरों का आयोजन किया गया।

आज आयोजित शिविरों में 4709 जनसहभागिता, 3937 पंजीकृत, 187 गर्भवती महिलाएं, 113 गर्भवती का टीकाकरण, 287 योग्य दम्पत्ति जिन्हे साधन उपलब्ध करवाये, 129 कैटरेक्ट के चिन्हित, 862 तीस वर्ष से अधिक आयु के मधुमेह स्क्रीनिंग, 789 तीस वर्ष से अधिक आयु के उच्च रक्तचाप स्क्रीनिंग, 247 औरल कैंसर स्क्रीनिंग, 17 ब्रेस्ट कैंसर स्क्रनिंग, 04 सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग, 449 ईएनटी जॉच, 193 दंतरोग जॉच, 68 टीबी संभावित जॉच व 18 टेलीकन्सल्टेशन किया गया।

इन शिविरों में नि:शुल्क जांच सुविधा, विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा टेली कंसल्टेशन, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच बच्चों का टीकाकरण, डायबिटीज हाइपरटेंशन, कैंसर व अंधता के रोगियों की स्क्रीनिंग की सुविधा भी उपलब्ध रही। वहीं जरूरत पर रोगी को शिविर से एंबुलेंस की मदद से चिकित्सा संस्थान में जाकर उपचार भी करवाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि जिले में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में स्वयं, अपने परिजनो व परिचितों की स्वास्थ्य की जॉच एवं अन्य चिकित्सा विभाग से सम्बन्धित कार्य करवाऐं। शिविरों के माध्यम से ही ग्राम स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सको की सेवाओं के साथ ही 30 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों की संचारी रोगो की स्क्रीनिंग भी करवाई जा रही है ताकि भविष्य में होने वाले संचारी रोगों से बचा जा सके।

जन्म कल्याण महोत्सव सम्पन्न

बारां । श्री गुणवर्धन शंखेश्वर जैन तीर्थ ट्रस्ट अध्यक्ष, जिला प्रमुखअ उर्मिला जैन भाया तथा ट्रस्ट के सभी ट्रस्टीगण ने बताया कि कोटा-बारां हाईवे पर बमूलिया के निकट स्थित गुणवर्धन शंखेश्वर पाश्र्वनाथ जैन तीर्थ पर भगवान पाश्र्वनाथ का 23 से 27 दिसम्बर तक चार दिवसीय जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जा रहा था जिसका आज हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। जैन तीर्थ पर आयोजित जन्म कल्याणक महोत्सव में आचार्य भगवन्त वर्धमान तपोनिधि प. पू. आचार्य श्री नयचंद सागर सूरी म.सा., सहस्त्रावधानी प. पू.गणिवर्य डॉ. अजीतचन्द्र सागर जी म.सा. व बोरडिया परिवार के कुलदीपक बालमुनी विजयचन्द्र सागर जी म.सा., पूज्य साध्वी श्री अमीवर्षा श्रीजी म.सा. आदि ठाणा की उपस्थिति में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें सकल श्रीसंघ ने बढ-चढकर भाग लिया। तीर्थ पर अट्टम की तपस्या करने वाले साधकों के लिए आज पारणा का आयोजन किया । पधारे सभी आचार्य भगवंतों एवं समाज बंधुओं का भाया दम्पत्ति ने आभार व्यक्त किया कि वह इस जन्मोत्सव कल्याणक महोत्सव में शामिल हुए।

कोटा थर्मल में प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगेंगे नए सयंत्र

- वर्ष 2026 के अंत तक बंद हो जाएंगी थर्मल की चार इकाइयां
- हम लोग संस्था की मुहिम लाई रंग, अभियान रहेगा जारी

कोटा, (निसं)। पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित कर लोगों को शुद्ध वायु, शुद्ध पानी व शुद्ध जल उपलब्ध कराने के साथ ही पूरे विश्व में जलवायु परिवर्तन से पैदा हो रहे खतरे को रोकने के लिए दशकों से कार्यरत हम लोग संस्था की एक ओर मुहिम रंग लाई है। हम लोग संस्था की ओर से करीब एक साल से कोटा थर्मल के प्रदूषण को नियंत्रित करने की मुहिम चलाई हुई है।

हम लोग संस्था का प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को संस्था के संयोजक डॉ.सुधीर गुप्ता व कोटा थर्मल के सेवानिवृत मुख्य अभियंता अजय चतुर्वेदी की अगुवाई में कोटा थर्मल के मुख्य अभियंता केएल मीणा के कक्ष में अतिरिक्त मुख्य अभियंता कटियार से मिला। प्रतिनिधि मंडल में शामिल पर्यावरण विद राजू गुप्ता ने थर्मल के उच्चाधिकारियों के सामने कोटा थर्मल की इकाईयों की चिमनियों से निकल रहे धुएं में सल्फर की अधिक मात्रा पर चिंता जताई तथा इसे नियंत्रित करने का आग्रह किया। साथ ही प्रतिनिधि मंडल ने हाल ही में चम्बल नदी में ऑयल युक्त झागदार पानी फैलने से जलीय जीवों पर पैदा हुए खतरे से भी अवगत कराया। इसके जवाब में कोटा थर्मल के उच्चाधिकारियों ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि कोटा थर्मल की इकाइयों की चिमनी से निकलने वाले धुएं से सल्फर की मात्रा को वायु में छोड़ने से पहले नियंत्रित करने के लिए थर्मल प्रशासन कोटा थर्मल परिसर में एक सयंत्र का निर्माण कर रहा है, जिसका कार्य अगले वर्ष दिसम्बर तक पूरा हो जाएगा।

हम लोग संस्था के प्रतिनिधि मंडल में शामिल वनस्पति विशेषज्ञ डॉ.पृथ्वीपाल सिंह ने कोटा थर्मल के अतिरिक्त मुख्य अभियंता कटियार से कहा कि कोटा थर्मल की अवधि पार हो चुकी और प्रदूषण फैला रही 110-110 मेगावाट की पहली व दूसरी इकाई तथा 210-210 मेगावाट की तीसरी व चौथी इकाई को बंद करने के संबंध में बात की। इस बारे में अतिरिक्त मुख्य अभियंता कटियार ने बताया कि राज्य में बिजली की कमी को देखते हुए इन्हें बंद नहीं किया गया है।

इन चारों इकाईयों को वर्ष 2026 के अंत तक बंद करने का लक्ष्य है तब तक राज्य में प्रचुर मात्रा में सोलर व पन बिजलीघर उपलब्ध हो जाएंगे। कोटा थर्मल के उच्चाधिकारियों ने बताया कि कोटा थर्मल की पहली, दूसरी, तीसरी व चौथी इकाई में उपयोग में लेने के बाद पानी को वर्तमान में ऐश डाइक में डिस्चार्ज किया जा रहा है। अब इन इकाईयों से भी पानी के जीरो डिस्चार्ज के लिए ईटीपी का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए चैन्नई की कंपनी को वर्कऑर्डर दिया गया है। इस ईटीपी का कार्य भी शीघ्रता से पूरा कर इन चारों इकाईयों के पानी को साफ कर फिर से काम में लिया जा सकेगा।

'सी.बी.सी. जांच सहित अन्य सेवाओ का भी मिल रहा लाभ'

- मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में मिल रही विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं : डॉ सामर

बून्दी । जिले मै मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरो के जरिये आमजन को बेहतरीन एवं गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। शुक्रवार को नीम का खेड़ा, कापरेन, जेएस डेम स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य शिविर लगाए गए।

सीएमएचओ डॉ. ओ पी सामर ने बताया कि शुक्रवार को खंड बूँदी की पिएचसी नीम का खेड़ा मै आयोजित शिविर का निरिक्षण कर उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए ! इस दौरान डिप्टी सीएमएचओ डॉ कमलेश शर्मा भी साथ रहे ! सीएमएचओ डॉक्टर सामर ने बताया की शिविर मै नियमति चिकित्सकों सहित दंत रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, आयुर्वेद चिकित्सक, फार्मासिस्ट और नर्सिंगकर्मियों ने सेवाएं दी।शिविरों में 37 प्रकार की जांच सुविधा निशुल्क उपलब्ध करवाई गई। साथ ही ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों की जांच एवं कैंसर आदि की स्क्रीनिंग की गई। वहीं गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, बच्चों का टीकाकरण, डायबिटीज हाइपरटेंशन व अंधता के रोगियों की स्क्रीनिंग की सुविधा मुहैया करवाई गई। इसके अलावा टीबी मरीजों की जांच, जरूरत होने पर एक्स-रे, निक्षय पोषण योजना में वंचित व्यक्तियों का बैंक अकाउंट प्राप्त कर पोर्टल में अपडेट करवाने सहित अन्य बीमारियों की जांच एवं उपचार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले में 15 दिसंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक सभी पीएचसी व सीएचसी में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाए जाएंगे। सीएमएचओ डॉ. सामर के अनुसार शुक्रवार को आयोजित शिविर का निरीक्षण किया साथ ही पिएचसी नीम का खेड़ा का भी निरिक्षण किया सीएमएचओ डॉ. ओ पी सामर ने बताया कि शिविर तीन चरणों में आयोजित होंगे।

इसमे प्रथम चरण के दौरान समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) पर शिविर, शिविर जो जिला मुख्यालय पर आयोजित किए जाएंगे।

पर्यटन स्थलों के चित्रण का ओम बिरला ने किया विमोचन

KOTA MAHOTSAV

कोटा के पर्यटन स्थलों के चित्रण का लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विमोचन किया है ।

कोटा, (निसं)। कोटा बुक सेलर्स एंड स्टेशनर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष नरेंद्र लोढ़ा सचिव अनुराग मलिक संरक्षक नरेंद्र मोहन मुन्दडा ने बताया कि कोटा बुक सेलर्स एण्ड स्टेशनरी एसोसियेशन एवं कोटा कॉपी मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन की गत दिनों हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार कोटा में निर्मित कापियों के आगे व पीछे के पृष्ठ पर कोटा के पर्यटन स्थलों के चित्रण लगाए जाएंगे इन कॉपियों का विमोचन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा महोत्सव के दौरान आयोजित हेरीटेज वॉक मे गढ़ पैलेस पर किया। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा कोटा जिला कलेक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी कोटा व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी जनरल मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार जैन मौजूद थे। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि हाड़ौती के पर्यटन विकास मिशन के लिए यह एक सराहनीय कदम है अन्य संस्थाओं को भी इसमें आगे आना चाहिऐ। इस अवसर पर कोटा व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी ने कहा कि फेडरेशन हाड़ौती को नई दिशा देने के लिए निरंतर पर्यटन एवं औद्योगिक विकास के लिए कार्य कर रहे हैं कोटा बुक सेलर्स एंड स्टेशनर्स एसोसियेशन और कोटा कॉपी मैन्युफैक्चरिंग एसोसियेशन द्वारा बनने वाली कापियो के आगे वह पीछे के पेजों पर कोटा के पर्यटन स्थलों का चित्रण होने से यहां के पर्यटन विकास को नई गति मिलेगी। इन कॉपियों में कोटा के पर्यटन स्थलों का चित्रण होने से हाड़ौती व प्रदेश में प्रचार प्रसार होने से यह हाड़ौती विकास के लिए मिल का पत्थर साबित होगी। कोटा बुक सेलर्स एंड स्टेशनरी ऐसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र लोढ़ा एवं सचिव अनुराग मलिक ने बताया कि कोटा महोत्सव के दौरान हमने इस प्रकार की कापियों का प्रकाशन कर इसका विमोचन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा करवाया गया है अब इनकी बिक्री हम पूरे हाड़ौती व प्रदेश में करेंगे जिससे पर्यटन स्थलों का पूरे प्रदेश में प्रचार प्रसार हो सकें जो निरंतर जारी रहेगा।

'मन को चुराने की लीला ही माखन चोर लीला है'

कोटा, (निसं)। आरकेपुरम गालव भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर कथा व्यास आचार्य ऋतुराज शर्मा ने भगवान कृष्ण की बाल-लीलाओं का महत्त्व बताते हुए बताया कि माखन लीला का अभिप्राय अतिशय गुड है, देह रूपी मटकी से नवनीत रूपी मन को चुराने की लीला ही माखन चोर लीला है। कथा व्यास ने बताया कि भगवान कृष्ण को विशुद्ध मन अतिशय प्रिय है, इसीलिए परमात्मा विशुद्ध मन की चोरी करने के लिए देह रूपी मटकी में प्रवेश करते हैं। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को अपना मन विशुद्ध रखना चाहिऐं। भगवान की दामोदर लीला सुनाते हुए बताया कि मनुष्य को क्रोध नहीं करना चाहिए। भगवान कृष्ण ने मटकी पर क्रोध किया और उस मटकी को फोड़ दिया जिसके कारण उन्हें भी उखल से बंधना पड़ा, इसलिए साधक मनुष्य को भक्ति के पथ पर क्रोध से बचना चाहिऐं। गोवर्धन पूजा का महत्व बताते हुए संत ने बताया कि प्रकृति की पूजा ही परमात्मा की प्रत्यक्ष पूजा है। गिरिराज पर्वत की पूजा करवा करके भगवान कृष्ण ने प्रकृति के महत्व को सिद्ध किया है।

सार-समाचार

''स्पोर्ट्स वीक'' का आयोजन

कोटा, (निसं)। मोदी ग्रुप द्वारा संचालित नयागाँव स्थित मोदी लॉ कॉलेज में विधारथियों के लिए स्पोर्ट्स वीक का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में विविध खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विधारथियों ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन सुशील मोदी, ग्रुप डायरेक्टर राघव मोदी, और प्रिंसिपल डॉ.क्षिप्रा गुप्ता रहे। चेयरमैन सुशील मोदी ने बताया कि 'खेल विद्याथियों को अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व कौशल सिखाते हैं, जो उनके जीवन में सफलता के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने खेलकूद के महत्व पर अपने विचार साझा किए। स्पोर्ट्स वीक के दौरान क्रिकेट, कबड्डी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल, रस्सा-खस्सी जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। ग्रुप डायरेक्टर राघव मोदी ने अपने विचार रखते हुए बताया कि 'खेलकूद न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि छात्रों को मानसिक मजबूती भी प्रदान करते हैं। प्राचार्य डॉ. क्षिप्रा गुप्ता ने कहा, 'खेलों के माध्यम से छात्रों को तनावमुक्त रहने और जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने की प्रेरणा मिलती है।' कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। यह स्पोर्ट्स वीक छात्रों के जीवन में खेलों के महत्व को रेखांकित करने के साथ-साथ उनके शारीरिक और मानसिक विकास का एक बेहतरीन मंच साबित हुआ।

नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर आज

कोटा, (निसं)। लायंस क्लब कोटा द्वारा 28 दिसम्बर को नि:शुल्क नैत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। लायंस क्लब अध्यक्ष प्रमोद विजय ने बताया कि बताया कि हवाई अड्डे के सामने झालावाड़ रोड़ स्थित लांयस क्लब भवन, कोटा में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। सोमवार 28 दिसम्बर को प्रात: 10 से 01 बजे तक नेत्र रोगियों की जांच व भर्ती की जाएगी। 29 व 30 दिसम्बर को लेंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन किए जाएगें। सचिव विरेन्द्र विजय ने बताया कि निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में जिला अंधता निवारण समिति कोटा भी सहयोग रहेगा। शिविर प्रभारी अशोक नुवाल ने बताया कि शिविर में सभी मरीजों को आवास, भोजन, दवाईयां लेंस एवं चश्में की व्यवस्था क्लब द्वारा की जाएगी। शिविर में आने वाले नेत्र चिकित्सा रोगी को आधार कार्ड, राशन कार्ड या वोटर आईडी कार्ड की जेरोक्स कॉपी एवं दो फोटो साथ लाने होगे। शिविर में नि:शुल्क ब्लड प्रेशर, मधुमेह, एक्यूप्रेशर की नि:शुल्क जांच भी होगी। शिविर मे डॉक्टर विशाल स्नेही अपनी सेवाये देंगे

त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

कोटा, (निसं)। लायंस क्लब इंटरनेशनल के मल्टीपल-3233 के तत्वावधान में अध्यक्ष लायन डॉ. संजीव जैन के निर्देशन में तीन दिवसीय रीजनल लायंस नेतृत्व कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला के सहसंयोजक मल्टीपल सेक्रेटरी लायन यश शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में मल्टीपल के पांच प्रांत जो राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में हैं, से 41 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें से प्रांत 3233-ई-2 से 9 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

अतिक्रमण हटाए

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर व दक्षिण एवं केडीए के अतिक्रमण निरोधक दस्तो ने शुक्रवार को केडीए के अतिरिक्त पुलिस अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को अंजाम दिया।

खोया पाया

प्रेमचंद पुत्र हेमचंद 2-द-1 दादाबाड़ी कोटा का परपियुचल लीज डीड, कनवेंस डीड आलोटी, आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, अदेय प्रमाण पत्र, इन्वेंटरी, व डिक्लेयरेशन गुम हो गया है, किसी को मिलने पर सूचित करें।

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति नाहरगढ़ जिला बारां (राज.)

क्रमांक :- 292 - 04 दिनांक :- 26/12/2024

कृषि उपज मण्डी समिति नाहरगढ़ के कार्यालय पत्रांक 248-60 दिनांक 14/11/2024 से भूखण्ड आवंटन हेतु जारी विज्ञप्ति अनुसार आवेदन फार्म प्राप्त करने व जमा करने की दिनांक 03/01/2025 तक बढ़ाई जाती है।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति नाहरगढ़

राज.संवाद/सी/24/9631

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

सूचना

निम्न लिखित ऋणी, सह-ऋणी व गारण्टर को सूचित किया जाता है सरफेसी अधिनियम 2002 के अन्तर्गत आपकी सम्पत्ति को एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा विक्रय कर दिया गया है। यदि आप द्वारा नोटिस दिनांक से ''15 दिवस'' के भीतर बंधक सम्पत्ति में रखा हुआ सामान नहीं हटाया जाता है तो उक्त सामान का बेचान अथवा अन्यत्र किरायाशुदा स्थान पर स्थानान्तरित कर दिया जायेगा। जिसके हर्जे, खर्चे व स्थानान्तरण के दौरान होने वाले नुकसान के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे। सामान प्राप्त करने व इस सम्बन्ध में अन्य जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र : योगेश कुमार चौधरी - 9773322672 या नजदीकी शाखा में सम्पर्क करे।

ऋण खाता संख्या एवं ऋणी /सह-ऋणी/ बंधककर्ता/ जमानतदार का नाम	बंधक सम्पत्ति का विवरण
खाता संख्या : L9001070430481760 व L9001070231075069 **लेखराज बैरवा (ऋणी) , श्रीमती राम बाई वर्मा (सह-ऋणी)**	सम्पत्ति स्थित खसरा नं. 1907, 1913 का भाग, प्लॉट नं. 25, बालाजी नगर, गांव-देई, तहसील-नैनवा, जिला-बूंदी, राजस्थान **क्षेत्रफल 900 वर्ग फीट**

दिनांक- 27-12-2024
स्थान - राजस्थान

S/d प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2024/2911 विज्ञप्ति दिनांक:-6.12.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम नयाखेडा में स्थित कृषि भूमि योजना ज्ञान सरोवर भूखंड संख्या ए-14 खसरा नं. 75 आवेदक/आवेदिका सीमा जैन पुत्री श्री हुक्म चन्द जैन निवासी 228 शास्त्री नगर दादाबाड़ी कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 322 दिनांक 10.06.2013 को श्री हुकम चंद जैन पुत्र श्री गुलाब चंद जैन एवं सीमा जैन पुत्री श्री हुक्म चन्द जैन के पक्ष में जारी किया गया था। सहपट्टाधारी हुकम चन्द जैन की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 30.12.2021 को हो चुकी है। मृतक हुकम चन्द जैन द्वारा अपने जीवनकाल में अनरजिस्टर्ड वसीयत नामा दिनांक 26.05.2008 में आवेदिका का पक्ष में किया गया है।

अत: सीमा जैन पुत्री श्री हुक्म चन्द जैन के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांक:-LU2012/KOT/2024-25/100850 लोक सूचना दिनांक:-27.12.2024

श्री PRADEEP KUMAR SHARMA पुत्र श्री JAGDISH PRASAD SHARMA जाति BRAHMAN निवासी FLAT NO 202 ORIENT PRIME 18 VALLABH NAGAR, OPP SOPHIA SCHOOL KOTA ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	पोलाई कला दीगोद (कोटा)	RADHAKISHAN S/O HAJARI LAL CASTE-MEENA SA. KASHIPURA TEH. MANGROL DIST BARAN KHATDER	339	400	0.04
				कुल	0.04

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के आभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 27.12.2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4526 जाहिर आम सूचना दिनांक - 23.12.24

आवास संख्या 2-एफ-19 महावीर नगर तृतीय कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री सलामत उल्ला बेग पुत्र श्री इनायत उल्ला को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री राम दयाल राठौर पुत्र श्री बसन्ती लाल राठौर के नाम दिनांक 23.05.2008 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री राम दयाल राठौर पुत्र श्री बसन्ती लाल राठौर द्वारा दिनांक 25.11.2009 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री राम दयाल राठौर पुत्र श्री बसन्ती लाल राठौर द्वारा उक्त आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 31.08.2010 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्री विनस विज पुत्र श्री प्रेम सागर विज को अपना मुख्तारआम नियुक्त किया गया। श्री विनस विज पुत्र श्री प्रेम सागर विज मुख्तारआम श्री राम दयाल राठौर पुत्र श्री बसन्ती लाल राठौर द्वारा मुख्तारआम की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 09.11.2011 को श्री हरीश कुमार शर्मा पुत्र श्री रामनाथ शर्मा एवं श्रीमती कुसुमलता पुरोहित पत्नी श्री हरीश कुमार शर्मा को संयुक्त रुप से किया गया। श्री हरीश कुमार शर्मा पुत्र श्री रामनाथ शर्मा एवं श्रीमती कुसुमलता पुरोहित पत्नी श्री हरीश कुमार शर्मा का नाम दिनांक 11.09.2023 को विक्रय पत्र के आधार पर मंडल अभिलेख में संयुक्त रुप से दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्री हरीश कुमार शर्मा पुत्र श्री रामनाथ शर्मा एवं श्रीमती कुसुमलता पुरोहित पत्नी श्री हरीश कुमार शर्मा द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 21.09.2023 को श्रीमती हेमलता मीणा पत्नी श्री राकेश कुमार मीणा को किया गया। श्रीमती हेमलता मीणा पत्नी श्री राकेश कुमार मीणा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-एफ-19 महावीर नगर तृतीय कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती हेमलता मीणा पत्नी श्री राकेश कुमार मीणा के नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती हेमलता मीणा पत्नी श्री राकेश कुमार मीणा का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती हेमलता मीणा पत्नी श्री राकेश कुमार मीणा के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा